Title: Need to rename ?Surkhand ka Kheda Flag Railway Station? in Rajasthan as ?Veerangana Hadirani Salumbar Road Surkhand ka Kheda Railway Station'- laid

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व पटल पर एक विशेष स्थान रखता है। मेवाड़ की वीरगाथाएं विश्व में काफी चर्चित है। ऐसी ही कथा वीरांगना हाड़ीरानी की कथा भी विश्व प्रसिद्ध है जो की सुरखंड का खेड़ा रेलवे स्टेशन के नजदीक सलूम्बर ठिकाने की है। ऐसी वीरांगना को सम्मान देने और उनके बलिदान को इतिहास में याद रखने हेतु मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उत्तर पश्चिम रेलवे के उदयपुर हिम्मतनगर रेलवे खंड पर स्थित सुरखंड का खेड़ा फ्लैग रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर "वीरांगना हाडीरानी सलूम्बर रोड सुरखंड का खेड़ा" किया जाये, जिससे आने वाली पीढियां वीरांगना हाडीरानी को याद करेगी।